भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (मत्स्यपालन विभाग)

केन्द्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान (सिफनेट), फाइन आर्ट्स एवन्यू, कोच्ची -16

प्रवेश अधिसूचना - 2024

वेसल नाविगेटर पाठ्यक्रम (वी एन सी) / मरीन फिटर पाठ्यक्रम (एम एफ सी)

पाठ्यक्रम का ब्योरा:

1. दो वर्ष की अवधि के ट्रेड पाठ्यक्रम जिसमें गहरे समुद्र में मत्स्यन जलयान के पटल पर प्रायोगिक प्रशिक्षण भी शामिल है और ये पाठ्यक्रम एन सी वी टी के शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण महा निदेशालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा शुरू किए गए है ।
2. ये पाठ्यक्रम सिफनेट कोच्ची/चेन्नई और विशाखापटनम में चलाए जाते हैं और ये पाठ्यक्रम आवासीय पाठ्यक्रम हैं ।

अर्हता : गणित और विज्ञान में प्रत्येक में 40% अंक के साथ 10वीं कक्षा उत्तीर्ण और 2024 के दौरान 10वीं परीक्षा लिखने वाले उम्मीदवार भी पात्र हैं।

आयु : 1 अगस्त 2024 को 15 से 20 वर्ष । अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट ।

क्षमता :सिफनेट कोच्ची / चेन्नई और विशाखपटनम में वी एन सी –20, एम एफ सी –20 (कुल 40 x 3 = 120 सीटें)

(सामान्य/सामान्य- ई डब्ल्यू एस/ओ बी सी – एन सी एल/एस सी/एस टी - 16 सीटें और राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा प्रायोजित – प्रत्येक केंद्र में 4 सीटें/अधिमान्यत: मछुआरा समूह से)

चयन की रीति : अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी ई टी)

टिप्पणी : चयनित उम्मीदवारों को प्रति माह रु.1500/- की वृत्तिका दी जाएगी और वी एन सी / एम एफ सी पूरा करने पर, आवेदक / उनके माता / पिता द्वारा ज़मानत बंधपत्र दिए जाने पर प्रति महीने रु .20500/- की वृत्तिका सहित मेरिट रैंक के आधार पर संस्थानोत्तर प्रशिक्षण दिया जाएगा और एक बार रु.2500/- के वर्दी भत्ता भी दिया जाएगा ।

आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरे गए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 14.06.2024 है ।

सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी ई टी) केन्द्र : कोच्ची, चेन्नै, विशाखपटनम, कोलकत्ता

सी ई टी की तारीख : 29.06.2024 (शनिवार)

परिणाम : 07.07.2024 (रविवार) (सिफनेट के वेबसाइट :www.cifnet.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी) उम्मीदवारों को सिफनेट के वेबसाइट पर परिणाम देखकर तदनुसार केन्द्रीकृत काउन्सिलिंग के लिए उपस्थित होना होगा ।

प्रवेश के लिए केन्द्रीकृत काउन्सिलिंग सिफनेट, कोच्ची में दिनांक **18.7.2024** (गुरुवार) को होगी।

आवेदन शुल्क: सामान्य / ओ बी सी के लिए रु. 350/- और एस सी /एस टी रु. 175/- डिमांड ड्राफ्ट भुगतान और लेखा अधिकारी, कोच्ची के नाम पर आहरित किया जाए जो एरर्णाकुलम में देय हो।

भरे गए आवेदन अंक पत्र (एस एस एल सी/एच एस सी), यदि एस सी/एस टी/ओ बी सी (एन सी एल) /ई डब्ल्यू एस से हो तो वैध समुदाय प्रमाण पत्र और भुगतान और लेखा अधिकारी, कोच्ची के नाम पर आहरित डिमांड ड्राफ्ट की मूल प्रति सहित "निदेशक, सिफनेट, फाइन आर्ट्स एवन्यू, फोरशोर रोड कोच्ची – 682016" के नाम पर भेजा जाए । अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएँगे ।

हस्त/-

निदेशक